ट्रेलर की चपेट में आने से महिला की मौत, लगाया जाम

गोरखपुर, १३ नवम्बर। बांसगांव थाना क्षेत्र के डिघवा में शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक



मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद एक वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। महिला की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रेलर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया और कौड़ीराम-बांसगांव मार्ग पर बांस-बल्ली लगाकर जाम लगा दिया। कौड़ीराम प्रतिनिधि के अनुसार बांसगांव थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी ओमप्रकाश यादव की पुत्री पिंकी (30) अपने मामा के साथ बाइक से बाजार जा रही थी। इसी दौरान डिघवा के पास बांसगांव की ओर से आ रहे ट्रेलर की चपेट में बाइक आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिंकी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद एक वर्षीय बच्चा घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने ट्रेलर को रोक लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी बांसगांव मलखान सिंह तथा क्षेत्राधिकारी बांसगांव इसके बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा जाम खुलवाकर आवागमन बहाल कराया।

स्टार हॉस्पिटल एवं ग्लोम्स डायलिसिस केयर के संयुक्त तत्वावधान में सीएमई कार्यक्रम आज

गोरखपुर, १३ नवम्बर। चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान, किडनी रोगों की समय पर पहचान तथा बेहतर उपचार एवं मरीजों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के उद्देश्य से स्टार हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड, गोरखपुर एवं ग्लोम्स डायलिसिस केयर के संयुक्त तत्वावधान में कल शनिवार को एक विशेष कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (ष्टरूश्व) कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम शाम 7.30 बजे सरोवर पोर्टिको, गोरखपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अनिंद्य बिस्वास (डीएनबी-नेफ्रोलॉजी), सीनियर कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष, शांति मुकुंद हॉस्पिटल, नई दिल्ली होंगे। वे किडनी रोगों की शीघ्र पहचान एवं समय पर रेफरल द्वारा मरीजों के उपचार परिणामों में सुधार विषय पर चिकित्सकों को महत्वपूर्ण चिकित्सकीय जानकारी एवं अपने अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. वजाहत करीम, सीनियर लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डॉ. आनंद बंका, (नेफ्रोलॉजी) एवं डॉ. नवनीत जयपुरियार, (कार्डियोलॉजी), चेयरपर्सन के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में गोरखपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के लगभग 60 चिकित्सकों की सहभागिता प्रस्तावित है। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों के बीच चिकित्सा संबंधी ज्ञान एवं अनुभवों का आदान-प्रदान, किडनी रोगों के प्रति जागरूकता तथा समय पर उचित चिकित्सा एवं रेफरल को प्रोत्साहित करना है।

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान शिविर 18 को

गोरखपुर, १३ नवम्बर। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान को और अधिक सफल बनाने के लिए 18 नवम्बर को गोरखपुर कोषागार प्रांगण में भारत सरकार कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मत्रालय पेंशन एवं पेशनभोगी कल्याण विभाग लोक नायक भवन, खान मार्केट नई दिल्ली के निर्देशन में एक डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मेगा कैम्प, शिवर, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आपके द्वारा भी कैम्प में प्रतिभाग करना शासन द्वारा अपेक्षित है।

युवा उत्सव 19 को

गोरखपुर, १३ नवम्बर। वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (टठल्स्व)-2027-(राष्ट्रीय युवा उत्सव-छल्थ) के अन्तर्गत जनपद स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन 19 नवम्बर बाबा गम्भीरनाथ मिनी प्रेक्षागृह में कराया जाना प्रस्तावित है। जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन कुल 5 विधाओं- लोकनृत्य (समूह), लोकगीत (समूह), नुक्कड नाटक (समूह), पेन्टिंग एवं कविता लेखन में होगा। युवा उत्सव में 15 से 29 आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे।

संरक्षा में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित हुए रेलकर्मी

गोरखपुर, १३ नवम्बर। महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने आज महाप्रबंधक सभाकक्ष में संरक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट



योगदान देने वाले 2 रेलकर्मियों को विशेष पुरस्कार तथा उत्कृष्ट कार्य सम्पादन के लिए 12 रेलकर्मियों को 'सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ' पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके समर्पण, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। विशेष पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में इज्जतनगर मंडल में ट्रैकमैन्टेनर के पद पर कार्यरत मोहन लाल तथा ट्रैकमैन्टेनर (प्रशिक्षु) के पद पर कार्यरत जमुना प्रसाद ने 6/7 सितम्बर की रात में रामगंगा-बमियाना स्टेशनों के मध्य भारी वर्षा होने के कारण लगभग 4.20 बजे देखा कि ओ.एच.ई. 329/5-6 में 4-5 स्लीपर के नीचे का बैलास्ट पूरी तरह बैठ गया है और उसी समय कासगंज-दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस आ रही थी। समय की कमी को देखते हुए आप लोगों ने तत्काल ट्रैक को सुरक्षित किया, जिससे एक संभावित दुर्घटना को टाला जा सका। सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ से सम्मानित पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में वाराणसी मंडल पर ट्रैकमैन्टेनर के पद पर कार्यरत अजय कुमार ने 10 अगस्त को बोदरवार-पिपराइच स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 7 बी पर गेटमैन की ड्यूटी के दौरान गाड़ी सं. 15655 को गेट सं. 7/बी से सुरक्षित रूप से पास कराते समय देखा कि गाड़ी के पिछले डिब्बे से एक हैंगिंग पार्ट लटक कर रेलपथ से टकराते हुए जा रहा है। श्री अजय कुमार बिना देरी किए तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर, पिपराइच को दी। सूचना प्राप्त होते ही स्टेशन मास्टर, पिपराइच ने तत्काल गाड़ी को पिपराइच में रोककर उक्त हैंगिंग पार्ट को सुरक्षित कराने के बाद गाड़ी सं. 15655 को रवाना किया। आपकी संरक्षा के प्रति सजगता, सतर्कता एवं त्वरित निर्णय के कारण संभावित दुर्घटना को टाला जा सका।

वाराणसी मंडल के चौरी चौरा स्टेशन पर काँटावाला के पद पर कार्यरत हंस कुमार को 27 अगस्त को चौरी चौरा स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान कंट्रोल द्वारा ट्रेन सं. 12566 में किसी महिला को अचानक प्रसव पीड़ा की सूचना मिला। सूचना मिलते ही आपने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस को बुलवाकर खड़ा करवाया, वाराणसी मंडल के दुदही स्टेशन पर काँटावाला के पद पर कार्यरत मुकेश कुमार यादव ने 25 सितम्बर को समपार संख्या 46 सी पर कार्य के दौरान देखा की तमकुही साइड दुदही यार्ड में गेट के पास किमी संख्या 76/6-7 पर रेल टूटा हुआ है। आपने इसकी तत्काल सूचना स्टेशन मास्टर को दी, फलस्वरूप आ रही गाड़ी संख्या 55035 को तमकुही स्टेशन रोका गया तथा रेल की मरम्मत कर गाड़ियों का परिचालन शुरू किया गया। लखनऊ मंडल के सुभागपुर स्टेशन पर काँटावाला के पद पर कार्यरत विरेंद्र कुमार चौधरी 9 अगस्त को ड्यूटी के दौरान गाड़ी सं. यू.पी./बी.सी.एन.एच.एल. के ब्रेकवान से 6वें वैगन में ऑफ साइड में एक हैंगिंग पार्ट, जो स्लीपर से टकराते हुए देखा। श्री चौधरी ने तत्काल लाल झंडी दिखाते हुए गार्ड का ध्यान आकर्षित किया तथा तुरन्त स्टेशन मास्टर एवं लोको पायलट को सूचित कर गाड़ी को रोका गया लखनऊ मंडल के बलरामपुर स्टेशन पर काँटावाला के पद पर कार्यरत राजेश यादव ने 8 सितम्बर को बलरामपुर स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान देखा की गाड़ी संख्या 15065 के एक कोच का इन्स्टालेशन बॉक्स कवर बाहर की ओर मुड़कर प्लेटफार्म की ओर टकरा रहा था, जिसकी तत्काल सूचना स्टेशन मास्टर को दी और ट्रेन को रुकवा कर आवश्यक जाँच व मरम्मत के उपरांत गाड़ी चलाई गई।

इज्जतनगर मंडल पर ट्रैकमैन्टेनर के पद पर कार्यरत हरिपाल पाली ने 15 अगस्त को सोरों-कासगंज के मध्य किमी संख्या 408/10-11 में स्टॉक रेल क्रैक पाये जाने पर इसकी तत्काल सूचना अपने पर्यवेक्षक को दी। इज्जतनगर मंडल के खटीमा स्टेशन पर काँटावाला के पद पर कार्यरत सुमित सिंह ने 7 अगस्त को ड्यूटी के दौरान देखा कि गाड़ी सं. 55324 के आगमन के समय कोच सं. 144570/एन.ई. के चक्के के ब्रेक ब्लॉक से धुआँ निकल रहा है। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर को दी। इसकी सूचना ट्रेन के लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर को दी गयी। इसकी संयुक्त निरीक्षण में पता चला कि उक्त वैगन में ब्रेक बाइंडिंग होने के कारण चक्के से धुआँ निकल रहा था। इज्जतनगर मंडल के मेंडू स्टेशन पर काँटावाला के पद पर कार्यरत महेंद्र कुमार मीणा ने 13 सितम्बर को ड्यूटी के दौरान देखा की बी.टी.पी.एन. मालगाड़ी के वैगन से तेल रिसाव हो रहा है, आपने तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। गाड़ी को संरक्षा पूर्वक चलवाकर कासगंज में अटेंड किया गया। इज्जतनगर मंडल पर लोको पायलट के पद पर कार्यरत पियूष कुमार वर्मा तथा सहायक लोको पायलट संजीव सिंह ने 7 सितम्बर को गाड़ी संख्या 55360 पर कार्य के दौरान शाहगढ़-माला खंड पर पेड़ गिरा हुआ दिखाई देने पर इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका और इसकी सूचना कण्ट्रोल को दी। इज्जतनगर मंडल पर ट्रैकमैन्टेनर के पद पर कार्यरत सत्यपाल ने 9 सितम्बर को गैंग संख्या-11 के साथ किमी 68/1-4 के पास दवा स्प्रे करवाने का कार्य करा रहे थे। इसी दौरान गाड़ी सं. 15036 के पास करने के दौरान आपने हॉट एक्सल को देखा तथा इसकी सूचना आउटर पर खड़ी गाड़ी के लोको पायलट को इसकी सूचना दी। इज्जतनगर मंडल के कासगंज समाडि डिपो में तकनीशियन-प्प् के पद पर कार्यरत रणवीर सिंह ने 23 अगस्त को समाडि डिपो, कासगंज में गाड़ी संख्या 55344 के परीक्षण के दौरान देखा की यान संख्या 123510 एवं 123782 के बफर आपस में फंसे हुए है। आपने त्वरित कर्यवाही करते हुए इसकी सूचना डिपो इंचार्ज को दी, जिसे समय रहते कार्यवाही कर इसे सही किया गया और एक संभावित घटना को टाला जा सका।

Notice- I , KU SHIKA W/o RAJENDRA PATHAK R/o Ward No 8 , Pandit Rajmangal Pandey Nagar , Sapaha , Kushinagar , Uttar Pradesh - 274402 . have changed the Name of my Minor Daughter's ADRIKA AGED 8 YEARS and she shall hereafter be known as **AADVIKA .**

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दीपांशु गोस्वामी के आधार कार्ड में नाम प्रियांशु तथा जन्मतिथि 01-01-2012 अंकित है जो गलत है , मेरे पुत्र का सही नाम दीपांशु गोस्वामी और सही जन्मतिथि 30-03-2013 है। **पंकज गोस्वामी** पुत्र रामेश्वर गोस्वामी ग्राम सुन्दर चक , पोस्ट भाटपार रानी देवरिया उ प्र ।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र यश कुशवाहा के स्कूल के रेकार्ड में उसकी माता का नाम रेनू कुशवाहा पत्नी दिलीप कुशवाहा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि उसकी माता का सही नाम रेनू देवी पत्नी दिलीप कुशवाहा है। **दिलीप कुशवाहा** पुत्र स्व. छेदी प्रसाद कुशवाहा, असुरन पोखरा, विष्णु मंदिर, पो.-बशारतपुर, जिला-गोरखपुर (उ.प्र.)-273004

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम NITEESH KUMAR OJHA पुत्र PRAMOD KUMAR OJHA के स्थान पर NILESH KUMAR OJHA पुत्र PRAMOD UUMAR OJHA दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर NITEESH KUMAR OJHA के PRAMOD KUMAR OJHA नाम से जाना व पहचाना जाये। **नितीश कुमार ओझा** पुत्र श्री प्रमोद कुमार ओझा, ग्राम-ओझवली, पो.-बड़हलगंज, जनपद-गोरखपुर (उ.प्र.)।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स गैलेंट इस्पात लिमिटेड, प्लाट नं० AL-5, सेक्टर-23 गीडा, सहजनवा, जनपद-गोरखपुर ने इंटीग्रेटेड इस्पात संयंत्र (स्पंज आयरन, पैलेट, पावर प्लांट, स्टील मेल्टिंग शॉप (इंडक्शन फर्नेस एवं कॉनकास्ट) तथा रोलिंग मिल की क्षमता वृद्धि हेतु प्रस्ताव File No: J-11011/229/2008-IA.II (I) द्वारा भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को प्रेषित किया था, जिस के क्रम में भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने दिनांक 12.11.2026 को स्वीकृत प्रदान कर दी है।

स्वीकृत की प्रति उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ के कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की वेबसाइट (https://parivesh.nic.in) एवं कंपनी की वेबसाइट (www.gallantt.com) पर देखी जा सकती है।

वरिष्ठ महाप्रबंधक
गैलेंट इस्पात लिमिटेड

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कल परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1242656817 का मूल प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **सोनू कुमार** S/o श्री सन्तराम, ग्राम-गौआपार, पो.-रोसया बाजार, जिला-संत कबीरनगर (उ.प्र.)।

Notice- I hitherto known as RAMSHANKAR S/o VIJAY R/o Indra Nagar , Ward No 01 , Nauntanwa , Maharajganj , Uttar Pradesh – 273164 . have changed my name and shall hereafter be known as **HARISHANKAR VISHWAKARMA .**

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD ISLAM से बदलकर MOHAMMED ISLAM YARALI BARBER रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **MOHAMMED ISLAM YARALI BARBER** S/O YARAALI निवासी ग्राम परसा, पोस्ट खूनियांव, थाना इटवा जिला सिद्धार्थनगर 272192

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2004 में भूखण्ड सं. 219बी विकास नगर कालोनी, लच्छीपुर, राजेन्द्रनगर गोरखपुर में स्थित है, भूखण्ड गोविन्द कुमार से रजिस्ट्री कराया था जो उपनिबंधक गोरखपुर के कार्यालय में आराजी नं.-219बी, रकबा 288 वर्गमीटर, बही सं.-1, जिल्द संख्या 4865, पृष्ठ 203/234 क्रम. सं. 322 पर दिनांक 23-01-2004 को पंजीकृत है, का मूल दस्तावेज वास्तव में खो गया है। **रामशरण गुप्ता** पुत्र स्व. रघुराई गुप्ता, नगर पंचायत रुद्रपुर, जनपद-देवरिया (उ.प्र.)।

सूचना-सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम आयुष तिवारी (AAYUSH TIWARI) पुत्र हरिश्चन्द्र तिवारी है जो उसके शैक्षिक अभिलेख एवं जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या XXXX XXXX 0407 में उसका नाम शिवम तिवारी अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम आयुष तिवारी (AAYUSH TIWARI) पुत्र हरिश्चन्द्र तिवारी के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतत् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण कि गयी है। **हरिश्चन्द्र तिवारी** पुत्र स्व. प्रेमसागर तिवारी, ग्राम-गजारी, पो.-कनईचा जिला-गोरखपुर (उ.प्र.), 273413.

Notice- I , GIRIJESH KUMAR RAI S/o UDYABHAN RAI R/o Bhiswa Sarkari , Pakari Buzurg , Padrauna , Kushinagar , Uttar Pradesh - 274304 . have changed the name of my minor Son SAKSHAM TIWARI aged 16 years and he shall hereafter be known as **VIVAAN RAI .**

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MAJIBULLAH से बदलकर MAJIBULLAH KHAN रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **MAJIBULLAH KHAN** S/O MAHIBULLAH निवासी ग्राम महादेवगंजपुर, पोस्ट कमसर, थाना त्रिलोकपुर जिला सिद्धार्थनगर

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा नाम उमेश कुमार अम्बिका राजभर था। जिसको बदलकर उमेश कुमार राजभर रख लिया है। अब मुझे उमेश कुमार राजभर नाम से जाना पहचाना जाए। **उमेश कुमार राजभर** पुत्र अम्बिका राजभर, ग्राम चरियाव खास पोस्ट खैरा बनुवा थाना गौरी बाजार जिला देवरिया।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में मेरा नाम GULKSA KHATUN व जन्मतिथि 01-01-2007 है जो गलत है। शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में नाम GULAPSA KHATOON व जन्मतिथि 17-07-2011 है जो सही है। **गुलापसा खातून** पुत्री अमीन अंसारी ग्राम माधो छपरा, भाटपार रानी देवरिया उत्तर प्रदेश

Notice- I, No. 163396 Rank-HAV/GD Pa Bahadur Pun s/o Dal Bahadur Pun, Presently serving with 16 Assam Rifles hereby declared that my old home address Village- Chanmari Post- Kohima, P.S.- Kohima, Tehsil -Kohima, Distt. -Kohima State- Nagaland PIN- 797001 NRS -Dimapur has been changed to my New Home address Village- Mahendra Nagar, Ward No.13 P.O. - Nautanwa, P.S.- Nautanwa, Tehsil- Nautanwa, Distt- Maharajganj U.P. PIN. -273164 NRS- Nautanwa.

The Date of birth my son Dev Pun by mistake entered in my Service Record is "20-03-2003". The Correct Date of Birth of my son Dev Pun is "20-10-2003" as Per Aadhar Card No. 4458 9159 1798, and the date of birth of my Daughter Neekita Pun by Mistake entered in my Service Record "19-03-2001". The correct Date of Birth of Neekita Pun is "19-03-1998" as per Aadhar Card No. 399363768528.

अदालती नोटिस

वाद की खरिजी के उपरान्त किये जाने के आदेश की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन की सूचना

आदेश 9, नियम 9 (2)

न्यायालय-नायब तहसीलदार, स्थान-नगर, तहसील-सदर, गोरखपुर

घनश्याम दास बनाम मुन्नी देवी

वाद अन्तर्गत धारा 34 उ.प्र.भू.रा.अधि.. बावत मौजा-बशारतपुर, तप्पा व परगना हवेली, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर

बनाम (1) घनश्याम दास पुत्र आवतराम (2) मुन्नी देवी पत्नी स्व. फूलचन्द (3) रमेशचन्द पुत्र आवतराम (4) कशिश आहुजा पुत्र दिलीप आहुजा निवासीगण मौजा-बशारतपुर, तप्पा व परगना हवेली, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर।

चूंकि उपरोक्त वादी ने इस न्यायालय में एक आवेदन परिनामांकित वाद की तारीख उपरान्त करने का आदेश को अभिप्राप्ति के लिए इस न्यायालय के आदेशानुसार पेश किया है। अतएव आपको सूचना दी जाती है कि इस न्यायालय में सन् 2026 के माह 11 के 20 दिवस को स्वयं या इस न्यायालय के अधिवक्ता या सम्यक रूपेण अधिकृत मुख्तार द्वारा जो इस वाद तथ्यों की जानकारी रखता हो उपस्थित होकर (यदि कोई हो संदर्शित करें कि उपरिनामांकित का आवेदन क्यों न मंजूर किये जावें।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2026 को 5 को 19 दिवस को निकाली गयी।

ह. नायब तहसीलदार नगर
तह.-सदर, गोरखपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कल परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 2533352 एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1864873 का मूल प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **जयविन्द कुमार** पुत्र श्री रामअवतार, जंगल कौड़िया, गायघाट गोरखपुर (उ.प्र.)।

सूचना-सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अजय था। जिसको बदलकर मैंने अपना नाम अजय यादव रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **अजय यादव** पुत्र नन्दलाल, ग्राम पिडहनी पोस्ट व थाना रूद्रपुर जिला देवरिया।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AASMA KHATOON से बदलकर ASMA ISLAM BARBAR रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **ASMA ISLAM BARBAR** W/O MOHAMMAD ISLAM YARALI BARBER निवासी ग्राम परसा, पोस्ट खूनियांव, थाना इटवा जिला सिद्धार्थनगर 272192

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में त्रुटिवश उसका नाम प्रिया एवं जन्मतिथि 25-12-2011 दर्ज हो गया है, उसका वास्तविक नाम अंशिका पांडेय एवं जन्मतिथि 25-11-2012 है। जो की सही एवं सत्य है। **विश्वामित्र पांडेय** ग्राम इमलिया उर्फ विजहरा पोस्ट कुसम्ही बाजार पिपराइच गोरखपुर (उ.प्र.)

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **काजी साकिब रिजवान** पुत्र काजी एहतशामुल हक, ग्राम वासाचक रहमतुल्लाह, पोस्ट वासादरगाह, थाना भवानीगंज, जिला सिद्धार्थनगर, 272195 का निवासी हूँ। गलती से मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम साकिब रिजवान काजी पुत्र एहतशामुल हक काजी दर्ज हो गया था। अतः भविष्य में मुझे सभी मामलों में काजी साकिब रिजवान पुत्र काजी एहतशामुल हक के नाम से जाना एवं समझा जाए।

सूचना-सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरा सही नाम हरिश्चन्द्र तिवारी (HARISH CHANDRA TIWARI) पुत्र प्रेमसागर तिवारी है। जो मेरे शैक्षिक अभिलेख, निर्वाचन कार्ड, परिवार रजिस्टर तथा खतौनी में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या XXXX XXXX4838 में मेरा नाम सोनू तिवारी पुत्र प्रेमसागर तिवारी अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम हरिश्चन्द्र तिवारी (HARISH CHANDRA TIWARI) पुत्र प्रेमसागर तिवारी के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतत् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताये स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है। **हरिश्चन्द्र तिवारी** पुत्र स्व. प्रेमसागर तिवारी, ग्राम-गजारी, पो.-कनईचा जिला-गोरखपुर (उ.प्र.), 273413.

Notice- I , RANJIT SINGH S/o SUBHASH SINGH R/o NERA R K B K SHOWROOM , KHORABAR URF SOOBABAZAR , KUNRAGHAT , GORAKHPUR , UTTAR PRADESH - 273008 . have changed the Name of my Minor Daughter's TANVI AGED 7 YEARS and she shall hereafter be known as **RITIKA KUMARI SINGH .**

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा उत्तर प्रदेश बोर्ड इलाहाबाद द्वारा जारी इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 1995 अनुक्रमांक 381072 का मूल प्रमाणपत्र पत्र कही खो गया है। **पल्लवी श्रीवास्तव** पुत्री भगवान सहाय लाल, निवासी वार्ड स.13, निराला नगर, कालोनी, आनंदनगर, जिला महराजगंज, 273155.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा 2006 अनुक्रमांक 2161793 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2009 अनुक्रमांक 1414116 का मूल प्रमाणपत्र एवं अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **कुमारी रेनू यादव** पुत्री किशुन प्रसाद यादव ग्राम व पोस्ट पिछौरा गोरखपुर पिन कोड 273401

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHIBULLAH से बदलकर MOHAMMAD SALMAN रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **MOHAMMAD SALMAN** S/O MAHBOOB निवासी ग्राम परसा, पोस्ट खूनियांव, थाना इटवा जिला सिद्धार्थनगर 272192

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कल परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2028615 एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2699037 का मूल प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **शुभम** S/o श्री कैलाश चन्द्र, ग्राम व पोस्ट-डेबरी,जिला-संत कबीरनगर (उ.प्र.)।

संचित विकास संस्थान हसनापुर, पो.-बरगदवा, जिला-बस्ती

आवश्यकता है

जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, सिद्धार्थनगर हेतु निम्न से एक-एक पद की आवश्यकता है। योग्यता व मानदेय https//depwd.gov.in पर उपलब्ध है विज्ञापन से एक सप्ताह के पूर्व आवेदन स्पीड पोस्ट से संचित विकास संस्थान, हसनापुर, पो.-बरगदवा जिला बस्ती 272190 भेज सकते हैं। 1. क्लीनिकल/पुनर्वास साइक्लोजिस्ट, 2. प्रस्थो./अर्थो. (OH कैटगरी) 3. प्रस्थो/अर्थो./टेक्नीशियन, 4. ऑडियोलॉजिस्ट, 5. स्पीचथेरपिस्ट, 6. मोबिलिटि इस्ट्रक्टर, 7. एम.आर.डब्लू., 8. वोकेशनल काउन्सलर, 9. अर्ली इन्टरवेंशन थेरपिस्ट विशेष शिक्षक IDD

(**प्रमोद कुमार**-सचिव)

बहादुर यादव मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय

नगर पंचायत-भटनी, देवरिया

आवश्यकता है

1. डी एल एड (बी टी सी) पाठक्रम हेतु प्रवक्ता 15 पद


सभी पदों हेतु योग्यता का मानक यू जी सी/न सी टी ई/उत्तर प्रदेश शासन के मानकानुसार। उपरोक्त पदों हेतु इच्छुक अभ्यर्थी यूसीजी एवं एन सी टी ई परिनियमावली के अनुसार अपने समस्त वांछित प्रमाणपत्रों सहित समस्त मूल शैक्षणिक अंकपत्र, प्रमाण पत्र और सभी प्रपत्रों की छायाप्रति, फोटो आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ साक्षात्कार हेतु महाविद्यालय कार्यालय से सम्पर्क करें।

कैप्टन जयराम यादव

पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना सं.: 210/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु निम्नलिखित विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा :-

गाड़ी सं. 05113/05114 गोरखपुर-दिल्ली-गोरखपुर त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 05113 गोरखपुर से दिनांक 17-11-2026 मंगलवार को = 01 ट्रिप
गाड़ी सं. 05114 दिल्ली से दिनांक 18-11-2026 बुधवार को = 01 ट्रिप

गाड़ी संख्या 05113 गोरखपुर-दिल्ली		स्टेशन	गाड़ी संख्या 05114 दिल्ली-गोरखपुर	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	14:30	गोरखपुर	23:00	-
15:08	15:10	खलीलाबाद	22:20	22:22
15:48	15:50	बस्ती	21:40	21:42
17:10	17:15	गोण्डा	20:15	20:20
19:35	19:45	सीतापुर	16:45	16:55
21:53	21:55	शाहजहाँपुर	14:25	14:27
00:35	00:40	बरेली	12:50	12:55
02:05	02:15	मुरादाबाद	11:15	11:25
04:22	04:24	गाजियाबाद	09:06	09:08
05:20	-	दिल्ली	-	08:10

रेक संरचना: एलएसएलआरडी-02, सामान्य द्वितीय श्रेणी-11, शयनयान-08 = कुल 21 कोच।

मुजाधि/टी-89 — मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप, मुकदमा दर्ज

गोरखपुर, १३ नवम्बर। गुलरिहा थाना क्षेत्र निवासी विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति सहित ससुराल के अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार उसकी ०२ वर्ष पूर्व ग्राम डुमरी के तेतरीया टोला निवासी प्रदीप के साथ तय हुई थी। शादी तय होने के बाद प्रदीप के चाल-चलन की जानकारी मिली तो परिजनों ने शादी रद्द कर दिया। शादी टूटने के बाद प्रदीप उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उससे शादी कर ली। आरोप है कि शादी के छह महीने बाद पति प्रदीप, सास सतीया और ननद दहेज के लिए उन्हें प्रताड़ित करने लगे, विरोध करने पर उन्हें मारापीटा जाने लगा। पीड़िता के अनुसार पति उसे छोड़कर बाहर चला गया तब वह अपने मायके चली आई जहां उसकी तबियत खराब हो गई। सूचना के बाद भी किसी ने उसकी सुध नही ली। आरोप है करीब एक साल बाद प्रदीप लौटकर आया और उनके पिता व भाई से गाली-गलौज करने लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति प्रदीप के खिलाफ बीएनएस की धारा ८५, ११५(२), ३५२ और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा ३/४ के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

सोलर सिटी के रूप में रोशन होगा गोरखपुर, 1200 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य

गोरखपुर, १३ नवम्बर। महानगर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने और शहर की सड़कों को रोशनी से जगमग करने की दिशा में नगर निगम ने सोलर स्ट्रीट लाइट और सोलर हाईमास्ट लगाने का कार्य तेज कर दिया है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी नेडा) से प्राप्त 3.844 करोड़ रुपये की धनराशि से महानगर के विभिन्न स्थानों पर सोलर लाइटें स्थापित कराई जा रही हैं। इस योजना का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है।नगर निगम की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, योजना के तहत 2.696 करोड़ रुपये की धनराशि से पोल सहित 1200 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष अब तक 350 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष स्थानों पर भी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप स्थापना कार्य कराया जाना है। इन लाइटों के लगने से महानगर की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक आवागमन वाले स्थानों पर रात के समय बेहतर रोशनी उपलब्ध होगी। इसी योजना के अंतर्गत 1.188 करोड़ रुपये की धनराशि से पोल सहित 110 सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 75 स्थानों पर हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। हाईमास्ट लाइटें प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और ऐसे स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनाने में मददगार होंगी, जहां बड़े क्षेत्र में रोशनी की आवश्यकता होती है।

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी :	सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज :	३, लीडर रोड
कानपुर :	बांसमण्डी
लखनऊ :	१, जापलिंग रोड
आगरा :	महात्मा गांधी रोड
बरेली :	रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना :	फ्रेजर रोड
रांची :	नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर :	कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१

दूरभाष : २२०१८७६

फैक्स : २३३१२१२

e-mail-aj_gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से

'**आज**' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा '**आज**' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक